भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
**राज्य सभा**
अतारांकित प्रश्न सं. 1964
12/12/2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

**ओडिशा में डॉपलर रडार स्टेशनों की संस्थापना**

**1964. श्री निरंजन बिशी:**

**क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) ओडिशा में डॉपलर मौसम रडार (डीडब्ल्यूआर) प्रणालियों की संस्थापना की वर्तमान प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ख) राज्य में डीडब्ल्यूआर प्रणालियों की संस्थापना के लिए सरकार द्वारा आवंटित और उपयोग की गई धनराशि कितनी है; और

(ग) क्या सरकार जलवायु संबंधी आपदाओं की बढ़ती बारंबारता को देखते हुए ओडिशा में अतिरिक्त मौसम निगरानी प्रणालियों की संस्थापना करने पर विचार कर रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) ओडिशा राज्य के संबलपुर और बालासोर में स्थापित किए जाने वाले दो सी-बैंड डॉपलर मौसम रडार (डीडब्ल्यूआर) और भुवनेश्वर में स्थापित किए जाने वाले 01 एक्स-बैंड डीडब्ल्यूआर के लिए आपूर्ति आदेश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। 'संबलपुर' और 'बालासोर' में 02 सी-बैंड डीडब्ल्यूआर की स्थापना के लिए संबंधित स्थानों का चयन कर लिया गया है।

(ख) ओडिशा राज्य में 02 सी-बैंड डीडब्ल्यूआर और 01 एक्स-बैंड डीडब्ल्यूआर की खरीद और स्थापना के लिए 21.26 करोड़ रुपये का व्यय किया जाएगा।

(ग) जी हां। ओडिशा राज्य के लिए अतिरिक्त मौसम निगरानी प्रणालियों पर विचार किया जा रहा है।

*****